*This Question Paper contains 7 printed pages.*
*(Sections - A, B, C & D)*

Sl.No. 09735

# 02(H)

**(MARCH, 2020)**
**(New Course)**

---

***Time : 3 Hour]*** ***[Maximum Marks : 80***

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 43 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में वनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

---

## विभाग - A

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** [3]

1) हालदार साहब हमेशा कहाँ पर रूकते थे?
   (A) घर (B) चौराहे
   (C) दुकान (D) कार्यालय

2) बालगोबिन भगत कैसे आदमी थे?
   (A) गोरे-चिट्टे (B) काले
   (C) लम्बे (D) छोटे

3) फादर की साइकिल कहाँ की सड़कों पर चलती दीख रही है?
   (A) अहमदाबाद (B) सूरत
   (C) इलाहाबाद (D) फ़ैज़ाबाद

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक वाक्य में लिखिए।** [2]

4) नेताजी की मूर्ति कैसी थी?

5) लेखिका मन्नू भंडारी वचपन में किसके साथ गिल्ली-डंडा खेलती थी?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** [6]

6) फादर बुल्के ने सन्यास लेते समय क्या शर्त रखी थी?

7) मन्नू भंडारी के पिता का स्वभाव क्रोधी क्यों हो गया था?

8) विस्मिल्ला खाँ नौवतखाने क्यों जाया करते थे?

अथवा

8) रीड या नरकट क्या है? इसका इस्तेमाल किसमें किया जाता है?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर छः सात वाक्यों में लिखिए।** [8]

9) सेनानी न होते हुए भी लोग चश्मेवाले को कैप्टन क्यों कहते थे?

10) मन्नू भंडारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा?

अथवा

10) स्त्रियों को पढ़ाने से अनर्थ होते है, कुतर्कवादियों की इस दलील का खण्डन द्विवेदी जी ने कैसे किया है? अपने शव्दों में लिखिए।

**निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** [6]

11) ''सीता का यह सन्देश कटु नहीं तो क्या मीठा है?'राजा' मात्र कहकर उनके पास अपना सन्देश भेजा।''

12) ''मेरे मालिक एक सुर वख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों में सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएँ।''

## विभाग - B

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** [3]

13) गोपियों ने किसको भाग्यवान कहा है?

(A) उद्धव

(B) सूर

(C) बलराम

(D) नन्द

14) "बिहँसि लखन बोले मृदुबानी।" पंक्ति में 'बिहँसि' शब्द का क्या अर्थ है?

(A) क्रोध

(B) हँसना

(C) रोना

(D) उदास

15) 'कन्यादान' काव्य के रचयिता हैं–

(A) सूरदास

(B) तुलसीदास

(C) ऋतुराज

(D) मंगलेश डबराल

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक – एक वाक्य में लिखिए।** [2]

16) लखन ने हँसकर क्या कहा?

17) सवैया और कवित्त के रचयिता कौन है?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए।** [6]

18) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस तरह व्यक्त किया?

19) कवि ने 'श्री वृजदुलह' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है?

20) बादलों के न बरसने से धरती तथा लोगों की क्या दशा हो रही है?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर छः सात वाक्यों में लिखिए।** [8]

21) लक्ष्मण ने धनुष टूटने के कौन–कौन से तर्क दिए हैं?

22) कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने को क्यों कहता है?

अथवा

22) फागुन में ऐसा क्या होता है जो अन्य ऋतुओं से भिन्न होता है।

**निम्नलिखित पद्यांशो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।** [6]

23) ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।

अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।

पुरइनि पात रहत जल भीतर, तारस देह न दागी।।

24) मधुप गुन–गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,

मुरझाकर गिर रही पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।

## विभाग - C

**निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।** [2]

25) धरती

26) राकेश

अथवा

26) दिनकर

**निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए।** [2]

27) राजा–रानी

28) नीलकण्ठ

अथवा

28) चतुरानन

**निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक – एक शब्द लिखिए।** [2]

29) काँटेदार छिलके वाला एक फल

30) रात में चलने वाला

**निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए।** [2]

31) कैप्टन ही बार–बार मूर्ति पर चश्मा लगा देता था।

32) बालगोबिन भगत भी मझौले कद के आदमी थे।

**निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया पद ढूँढकर लिखिए।** [2]

33) फादर बुल्के की साइकिल सड़क पर चलती।

34) लेखिका बचपन में पकड़म–पकड़ाई खेलती।

**निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए।** [1]

35) धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का।

अथवा

35) आम के आम गुठलियों के दाम

**निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिख़कर वाक्य में प्रयोग कीजिए।** [4]

36) थू-थू करना

37) आग बबूला होना

## विभाग - D

38) सरस्वती विद्यालय मणीनगर में रिक्त हिन्दी शिक्षक पद हेतु अपना आवेदन पत्र लिखिए। [3]

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** [4]

दुलारी के जीवन में टुन्नू का प्रवेश हुए अभी कुल छः मास हुए थे। पिछली भादों में तीज के अवसर पर दुलारी खोजवाँ बाज़ार में गाने गई थी। दुक्कड़ पर गाने वालियों में दुलारी की महती ख्याति थी। उसे पद्य में ही सवाल – जबाब करने की अद्‌भुत क्षमता प्राप्त थी। कजली गानेवाले बड़े-बड़े विख्यात शायरों की उससे कोर दबती थी।

**प्रश्न :**

39) दुलारी के जीवन में टुन्नू का प्रवेश हुए कितने मास हुए थे?

40) दुलारी खोजवाँ बाज़ार में गाने कब गई थी?

41) दुलारी की महती ख्याती किसके बीच में थी?

42) किसकी कोर दुलारी से दबती थी?

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग दो सौ पचास (250) शब्दों में निबन्ध लिखिए।[8]**

43) अकाल कभी सुखा तो कभी गीला

अथवा

43) आतंकवाद का बढ़ता हुआ आतंक

अथवा

43) भारतीय किसान अन्नदाता

अथवा

43) दहेज प्रथा